जो राष्ट्र पढ़ता नहीं है वो लीड भी नहीं कर सकता

बुक राइटिंग सेशन में यह बात एक्सपर्ट ने कही

Event @ Tsvs

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

पेरेंटिंग पर लिखने वाले डॉ. प्रदीप कपूर और डॉ. नीलकमल कपूर का सेशन द संस्कार वैली स्कूल में आयोजित किया गया। इस सेशन में स्टूडेंट्स से इंटरेक्ट करते हुए उन्होंने बताया कि किस तरह से सही लेखन कर और एक किताब को पब्लिश कराया जा सकता है। स्टूडेंट्स को लेखन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र पढ़ता नहीं है, वो लीड भी नहीं कर सकता है। उन्होंने लेखन में ग्रामर की अहमियत, भाषा की सुंदरता पर फोकस किया। वहीं इस दौरान उन्होंने मैन्यस्क्रिप्ट को पब्लिश हाउस भेजने और उसकी प्रोसेस के बारे में भी चर्चा की। इस मौके पर उनकी पुस्तक 'हॉपी द हिचहाइकर' का विमोचन भी किया गया। स्टूडेंट्स को यह सेशन काफी इंट्रेस्टिंग लगा जिसमें उन्हें काफी नई जानकारियां मिलीं। यहां डॉ. अमलान के साह (प्रिंसिपल) और प्रतिभा ललवानी (डीन ऑफ एक्टिविटीज) सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद रहे।